

हमने मैच जीतने की पूरी कोशिश की, ताकि ऑस्ट्रेलिया को तय नेट रन रेट के तौर पर पछाड़ा जा सके, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। हम इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखकर जा रहे हैं। हमने अच्छा खेल दिखाया और हमने बहुत कुछ सीखा है और यह चीजें बहुत अहम हैं। - तेम्बा बावुमा

दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान, सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने पर कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## राशिद खान



**अफगानिस्तान** के लेग स्पिनर राशिद खान ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 सुपर 12 चरण के ग्रुप 2 मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ ओपनर मार्टिन गप्टिल को आउट कर अपने नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। अबु धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में रविवार को करो मरो मैच में राशिद ने गप्टिल को बोल्ड कर कीवी टीम को दूसर झटका दिया। गप्टिल 23 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए। टी20 क्रिकेट में राशिद ने गप्टिल के रूप में अपना 400वां शिकार किया। राशिद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** ट्वंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज वेस्टइंडीज के क्रिस गेल थे। दूसरा व तीसरा शतक न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम व भारत के सुरेश रैना ने लगाया।

## पेरिस मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

पेरिस, 7 नवंबर। विश्व के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविक ने कोर्ट पर शानदार वापसी करते हुए पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई है। नोवाक जोकोविक ने सेमीफाइनल मुकाबले में हुबर्ट हुरकाज को कड़े



मुकाबले में हराकर खिताबी मैच के लिए प्रवेश किया है। नोवाक जोकोविक ने हुबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-0, 7-6 (5) से हराकर पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। जोकोविक इसके साथ ही रिकार्ड सातवीं बार शीर्ष स्थान पर रहते हुए वर्ष का समापन करेंगे। नोवाक जोकोविक ने शीर्ष पर रहते हुए साल का समापन करने के मामले में अमेरिका के पीट सम्प्रास को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविक से पहले पीट सम्प्रास ने 1993 से 1998 तक छह बार शीर्ष पर रहते हुए वर्ष का समापन किया था। वहीं, जोकोविक ने इससे पहले 2011-12, 2014-15, 2018 और 2020 में शीर्ष पर रहते हुए वर्ष का अंत किया था और अब वे 2021 में भी साल का समापन शीर्ष पर रहते हुए करेंगे, क्योंकि पेरिस मास्टर्स के बाद कोई टूर्नामेंट इस साल नहीं खेला जाएगा। सर्बियाई दिग्गज जोकोविक का यह 71वां, जबकि हुरकाज का दूसरा मास्टर्स सेमीफाइनल था। नोवाक जोकोविक इस समय सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम जीतने वाले संयुक्त रूप से दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं। जोकोविक ने 20 ग्रैंड स्लैम अपने नाम किए हैं, जबकि इतने ही ग्रैंड स्लैम रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने भी जीते हैं। नोवाक जोकोविक अब तक 31 बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल खेल चुके हैं। वहीं, सबसे कम ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलकर 20 बार विजेता रहने वाले राफेल नडाल हैं।

## नेमार ने दागे दो गोल, लीग-1 के मुकाबले में पीएसजी ने बोरडिओक्स को 3-2 से हराया

पेरिस, 8 नवंबर। नेमार के दो गोल की बदौलत पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रांस की फुटबाल लीग-1 के मुकाबले में बोरडिओक्स को 3-2 से हराया। इस मुकाबले में टीम के स्टार खिलाड़ी लियोन मेसी घुटने की चोट के कारण



नहीं खेल रहे थे। मैच में शुरुआत से ही पीएसजी ने अपना पलड़ा भारी रखा। नेमार ने सबसे पहले 26वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद पहला हाफ खत्म होने से कुछ समय पहले उन्होंने 43वें मिनट में एक और गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी पीएसजी ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन जारी रखा और कायलियन एमबापे ने 63वें मिनट में गोल किया और टीम को 3-0 की बढ़त दिलाई। इस वक्त ऐसा लग रहा था कि पीएसजी इस मुकाबले में एकतरफा जीत हासिल करेगी लेकिन बोरडिओक्स ने वापसी की और चुनौती देने की कोशिश की। बोरडिओक्स की ओर से पहला गोल एलबर्थ एलिस ने 78वें मिनट में किया। इसके बाद इंजुरी समय में एमबायो निआंग ने गोल कर बढ़त कम की। हालांकि, ये दो गोल काफी नहीं रहे और बोरडिओक्स को हार का सामना करना पड़ा। पीएसजी ने इस जीत के साथ ही अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है और उसके अब 13 मैचों में 34 अंक हो गए हैं।

## अपनी-अपनी टीमों की जीत में चमकी हरमनप्रीत, जेमिमा और पूनम

मेलबोर्न,7 नवम्बर। जेमिमाह रॉड्रिग्स के 45 रन और हरमनप्रीत कौर के तीन विकेट की मदद से मेलबोर्न रेनेगेड्स ने मेलबोर्न स्टार्स को सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी स्टार्स की टीम रेनेगेड्स की स्पिन जोड़ी सोफ़ी मोलिन्यू और हरमनप्रीत के सामने टिक ही नहीं सकी और निर्धारित 20 ओवरों में सिर्फ़ 103 रन ही बना पाई। दूसरे ओवर में ही हरमनप्रीत ने एलिस विलानी को बैकवर्ड प्वाइंट पर जेमिमा के हाथों लपकवाया। मेग लानिंग भी आज सिर्फ़ 17 रन ही बना सकी। नौ ओवर में स्टार्स का स्कोर 41 रन पर चार विकेट था। इसके बाद किम गार्थ (32) और एरिन ऑस्बोर्न (29) ने धीमे चाल में पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े। इसके बाद फिर स्टार्स की पारी भरभरा के गिर पड़ी। मोलिन्यू और हरमनप्रीत ने मिलकर पारी के आख़िरी चार विकेट लिए। पारी की आख़िरी गेंद पर हरमन ने एक रन आउट कर टीम हैट्रिक भी पूरी की। इससे पहले वह लगातार दो गेंदों पर दो विकेट ले चुकी थीं। 104 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेनेगेड्स के लिए भी शुरुआत कुछ ख़ास नहीं रही। ईव जोंस शून्य पर आउट होकर चलती बनीं। लेकिन इसके बाद रॉड्रिग्स (45) और कार्ली लीसन (41) ने दूसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़कर जीत को आसान बना दिया। हालांकि जीत से पहले ही दोनों ठााथ का शिकार हो गईं।

# अफगानिस्तान को हराकर न्यूज़ीलैंड सेमीफाइनल में, भारत वर्ल्डकप से बाहर

### न्यूज़ीलैंड ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया

### जादरान की 73 रनों की शानदार पारी बेकार




अबू धाबी, 7 नवम्बर। न्यूज़ीलैंड ने अफगानिस्तान को 11 गेंद शेष रहते रविवार को आठ विकेट से हराकर टी 20 विश्व कप के ग्रुप दो से सेमीफाइनल में जगह बना ली जबकि न्यूज़ीलैंड की इस जीत के साथ भारत सेमीफाइनल की होड से बाहर हो गया। भारत सोमवार को नामीबिया से अपना आखिरी विश्व कप मुकाबला खेलेगा लेकिन अब उसकी सारी उम्मीदें समाप्त हो चुकी हैं।

नजीबुल्लाह जादरान की 48 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों से सजी 73 रन की शानदार पारी के बावजूद अफगानिस्तान टी 20 विश्व कप में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ग्रुप दो के मुकाबले में 20 ओवर में आठ विकेट पर 124 रन ही बना सका। न्यूज़ीलैंड ने 18.1 ओवर में दो विकेट पर 125 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल कर ली। नजीबुल्लाह जादरान की 48 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों से सजी 73 रन की शानदार पारी के बावजूद अफगानिस्तान टी 20 विश्व कप में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ग्रुप दो के मुकाबले में रविवार को 20 ओवर में आठ विकेट पर 124 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर ही बना सका ।

जादरान को छोड कर अन्य कोई अफगान बल्लेबाज विकेट पर नहीं टिक सका। गुलबदीन नायब ने 18 गेंदों पर एक चौके के सहारे 15 रन और कप्तान मोहम्मद नबी ने 20 गेंदों में बिना किसी बॉउंड्री के 14 रन बनाये। अफगानिस्तान की टीम अपने तीन विकेट मात्र 19 रन पर गंवाने के बाद मुकाबले में नहीं लौट सकी।

जादरान ने नायब के साथ चौथे विकेट के लिए 37 रन और नबी के साथ पांचवें विकेट के लिए 59 रन जोड़े। नबी का विकेट 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर गिरा। अफगानिस्तान ने छह रन के अंतराल में तीन विकेट गंवाए जिससे उसकी एक अच्छे स्कोर पर जाने की उम्मीद टूट गयी। राशिद खान पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। न्यूज़ीलैंड की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने 17 रन पर तीन विकेट और टिम साउदी ने 24 रन पर दो विकेट लिए। लक्ष्य ज्यादा मुश्किल नहीं था और कीवी टीम ने 18.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

अफगान स्पिनरों के पास भी इस स्कोर को बचाने का कोई मौका नहीं था। न्यूज़ीलैंड की तरफ से ओपनर मार्टन गुप्तिल ने 23 गेंदों में चार चौकों के सहारे 28 रन, ओपनर डेरिल मिशेल ने 12 गेंदों में 17 रन, कप्तान केन विलियम्सन ने 42 गेंदों में तीन चौकों के सहारे नाबाद 40 और डेवोन कॉन्वे ने 32 गेंदों में चार चौकों के सहारे नाबाद 36 रन बनाये और 11 गेंद शेष रहते मैच समाप्त कर दिया। भारत की सेमीफाइनल में जाने की उम्मीदें इसी बात पर टिकी थीं कि अफगानिस्तान कीवी टीम पर जीत दर्ज करे ताकि वह कल नामीबिया के खिलाफ मैच में सारे समीकरण जानते हुए उतरे लेकिन न्यूज़ीलैंड ने भारत को उसका सपना पूरा होने का कोई मौका नहीं दिया और बड़े आराम से अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज की।

न्यूज़ीलैंड इस जीत से ग्रुप दो में पाकिस्तान को पीछे छोड़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, हालांकि पाकिस्तान के पास आज शाम को स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में जीत दर्ज कर फिर से ग्रुप में नंबर एक बनने का मौका रहेगा। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को इनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।




## आजम और मलिक के तूफानी अर्द्धशतकों से पाकिस्तान की लगातार पांचवीं जीत

शारजाह, 07 नवम्बर (वार्ता) कप्तान बाबर आजम (66) और शोएब मलिक (नाबाद 54) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों से पाकिस्तान ने स्कॉटलैंड को आईसीसी टी 20 विश्व कप के ग्रुप दो में रविवार को 72 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की और सुपर 12 में अपराजित रहने वाली वह एकमात्र टीम रही। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मोहम्मद रिजवान 19 गेंदों में 15 और फखर जमान 13 गेंदों में आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आजम ने मोहम्मद हफीज के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। आजम टूर्नामेंट में लगातार चौथा अर्धशतक बनाकर टीम के 142 के स्कोर पर आउट हुए। आजम ने 47 गेंदों पर 66 रन में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। मलिक ने मात्र 18 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और भारत के लोकेश राहुल की बराबरी की। मलिक ने पारी के आखिरी ओवर में क्रिस ग्रीव्स की गेंदों पर छक्का, चौका, छक्का, वाइड और छक्का लगाते हुए 18 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह टी 20 विश्व कप में संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। मलिक ने 18 गेंदों पर नाबाद 54 रन में एक चौका और छह छक्के लगाए। स्कॉटलैंड की तरफ से ग्रीव्स ने 43 रन देकर दो विकेट हासिल किये जबकि हम्जा ताहिर को 24 रन पर एक विकेट और साफ्यान शरीफ को 41 रन पर एक विकेट मिला। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 189 रन का विशाल स्कोर बनाया और फिर स्कॉटलैंड को छह विकेट पर 117 रन पर रोककर अपना अपराजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा।

## हमने विश्वकप में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया जो पर्याप्त नहीं था : कीरोन पोलार्ड

अबू धाबी, 7 नवंबर। वेस्ट इंडीज के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने यहां शनिवार को टी-20 विश्व कप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट से हार के बाद कहा कि टीम ने विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया जो पर्याप्त साबित नहीं हुआ।

पोलार्ड ने मैच के बाद कहा, हमने टी-20 विश्व कप अभियान में सीनियर और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया, लेकिन मैं यह स्वीकार करता हूं कि टीम द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के बावजूद अनुभवी खिलाड़ियों को लाने का विचार कारगर साबित नहीं हुआ। हमने सोचा था कि हम इस रणनीति से खिताब हासिल हासिल करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ये चीजें होती हैं। यह पहली बार नहीं है जब आप किसी टूर्नामेंट में क्वालीफाई नहीं करते और यह भी पहली बार नहीं है जब खिलाड़ी पूरे अभियान में विफल रहे हों।



कप्तान ने कहा, हमने विश्व कप अभियान में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, लेकिन यह बहुत अच्छा नहीं था और हम इसे स्वीकार करते हैं, इसलिए अब सारी बात आगे बढ़ने और यहां से पुनर्निर्माण करने की कोशिश करने और इनमें से कुछ खिलाड़ियों के अनुभव और आने वाले युवाओं की प्रतिभा का उपयोग करने की है। देखते हैं भविष्य में क्या होता है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है यह हमारे लिए सोचने का अवसर है कि हमारे ड्रेसिंग रूम के कुछ खिलाड़ियों ने पिछले दस वर्षों में एक पीढ़ी से अधिक समय तक वेस्ट इंडीज क्रिकेट के लिए क्या किया होगा। हमने न केवल कैरेबियन में, बल्कि पूरी दुनिया में उपलब्धियां हासिल की हैं और टी-20 क्रिकेट का चेहरा बदल दिया है।

पोलार्ड ने कहा, हमने सोचने और संजोने के लिए कुछ अच्छे क्षण निर्धारित किए, लेकिन कुल मिलाकर एक अभियान के रूप में यह मुश्किल रहा है और ऐसा होता है। एक टूर्नामेंट क्रिकेटरों को बुरा नहीं बनाता है। मुझे दंड देने का विचार पसंद नहीं है। हमारे टी-20 विश्व कप अभियान को लेकर काफी कुछ कहा जा रहा है। आखिरकार हम खिलाड़ी हैं और हर बार जब हमने क्रिकेट के मैदान पर कदम रखा तो मैं आश्वस्त कर सकता हूं कि हमनें 100 प्रतिशत दिया।

## सौरभ ने प्रेसिडेंट्स कप में जीता रजत, अभिषेक को कांस्य

व्रोकला, 7 नवंबर। भारतीय निशानेबाज सौरभ चौधरी ने यहां रविवार को पहले आईएसएसएफ प्रेसिडेंट्स कप में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में रजत, जबकि उनके हमवतन अभिषेक वर्मा ने कांस्य पदक जीता। सौरभ ने 24 और अभिषेक वर्मा ने 21 अंक अर्जित कर फाइनल में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि जर्मन निशानेबाज क्रिस्टियन रिट्ज ने 34 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल तीन पदक जीते हैं। 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा सहित दो स्पर्धाओं में भारत की चुनौती बाकी है, जहां मनु भाकर, राही सरनोबत और चिंकी यादव एक्शन में होंगी। वहीं पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में प्रतिभाशाली युवा राइफल निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर एक्शन में नजर आएंगे।

## भारतीय क्यूरेटर मोहन सिंह की संदिग्ध हालत में मौत

अबू धाबी, 7 नवंबर। अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट ठााउंड की पिच बनाने वाले भारतीय क्यूरेटर मोहन सिंह की यहां आज सुबह संदिग्ध हालत में मौत की खबर सामने आई है। समझा जाता है कि मोहन, जो पहले चंडीगढ़ के मोहाली स्टेडियम से जुड़े थे, की मौत के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। अबू धाबी क्रिकेट अधिकारियों ने मोहन की मौत की पुष्टि करते हुए कहा है कि मोहन के परिवार को सूचित कर दिया गया है और वे अबू धाबी आ रहे हैं।



यह खबर तब भी सामने आई है जब अबू धाबी के मैदान पर अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच चल रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मामले में तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई है, लेकिन यह स्पष्ट है कि आईसीसी ने टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय मूल के क्यूरेटर की सेवाओं का इस्तेमाल किया था। समझा जाता है कि आईसीसी अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम के ठााउंड स्टाफ के साथ जुड़ा हुआ है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह ने इस पर कहा, यह बहुत चौंकाने वाली खबर है। मोहन मुझे बहुत अच्छी तरह से जानते थे। वह बहुत मेहनती, प्रतिबद्ध और महत्वाकांक्षी इंसान थे। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। उल्लेखनीय है कि लगभग 10 साल पहले संयुक्त अरब अमीरात जाने से पहले मोहन ने दलजीत के अधीन 10 साल से अधिक समय तक काम किया था। मोहन 90 के दशक के मध्य में अबू धाबी क्रिकेट की ओर से नियुक्त किए गए थे।

## गेल ने अभी संन्यास न लेने की पुष्टि की, जमैका में विदाई मैच पर नजरें

अबू धाबी, 7 नवंबर। वेस्ट इंडीज के स्टार क्रिकेटर क्रिस गेल ने दोहराया है कि उन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है। दरअसल शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में गेल के क्रिकेट से संन्सास लेने की अटकलें तब तेज हो गईं थी, जब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले रहे ड्वेन ब्रावो के साथ दिखाई दिए थे।

यूनीवर्स बॉस गेल ने पुष्टि की है कि वह अपने घरेलू दर्शकों के सामने संन्यास लेना चाहेंगे। उन्होंने कल टीम के आखिरी टी-20 विश्व कप मैच के बाद फेसबुक चैट पर आईसीसी के साथ बातचीत के दौरान कहा, यह एक अभूतपूर्व करियर रहा है, हालांकि अभी मैंने संन्यास की घोषणा नहीं की है, लेकिन अगर मुझे जमैका में मेरे घरेलू दर्शकों के सामने एक मैच खेलने का मौका मिलता है तो मैं ऐलान कर सकता हूं।

गेल ने कहा, देखते हैं, क्या होता। अगर यह मैच नहीं होता तो मैं संन्यास घोषणा कर दूंगा। फिर मैं बैकएंड में ड्वेन ब्रावो के साथ शामिल होऊंगा और सभी को धन्यवाद कहूंगा, लेकिन मैं अभी ऐसा नहीं कह सकता। मैं आज केवल मजाक कर रहा था। जो कुछ हुआ उसे गंभीरता से न लें।

## फाइनल में पहुंचने के लिए हमें दबाव में भी निखर कर आना होगा : लैंगर

दुबई, 7 नवम्बर। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चार मैचों में लक्ष्य का पीछा करके टी20 विश्व कप के सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई है लेकिन अब उनके प्रमुख कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि फ़ाइनल में पहुंचने के लिए उनकी टीम को अब दबाव में निखर कर प्रदर्शन करना होगा।

सेमीफ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना संभावित रूप से पाकिस्तान से होगा, जो अब तक ग्रुप 2 में पहले स्थान पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के बाद अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही थी। इस विश्व कप और ख़ासकर दुबई में मुख्यतः लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ही जीत रही हैं। न्यूज़ीलैंड एकमात्र टीम रही जिसने पहले बल्लेबाज़ी



करते हुए दुबई में जीत दर्ज की, लेकिन उनका मुक़ाबला अपेक्षाकृत कमज़ोर टीम स्कॉटलैंड से था। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट का एकमात्र मुक़ाबला इंग्लैंड के ख़िलाफ़ पहले बल्लेबाज़ी करते हुए हारा है, जबकि चार मैच दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए वे जीत चुके हैं।

लैंगर ने कहा, "इस टूर्नामेंट में अधिकतर टीमें दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी कर जीत रही हैं। हमारे पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ है, जो दबाव के सामने हमारे लिए उपयोगी साबित हो सकता है।" लैंगर ने इस टूर्नामेंट में एक बड़ा बदलाव करते हुए सात बल्लेबाज़ों के साथ जाने का बहादुरी भरा फ़ैसला किया, जो कि उनके दीर्घकालिक संयोजन छह बल्लेबाज़ और पांच गेंदबाज़ से अलग है।

## पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अंपायर सुनीत घोष का 87 वर्ष की उम्र में निधन

कोलकाता, 7 नवंबर। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर सुनीत कुमार घोष का यहां रविवार को निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। उनके दो बेटे हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने दो टेस्ट मैचों और सात वनडे मैचों में अंपायरिंग की। उन्हें मैदान में बिल्टू दा के तौर पर याद किया जाता है। उन्होंने भैरब गंगोपाध्याय के साथ एक यादगार जोडी बनाई थी। 2016 में बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के वार्षिक पुरस्कार दिवस के दौरान उन्हें एक स्मारक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सीएबी के अध्यक्ष अभिषेक डालमिया ने उनके निधन पर कहा, यह एक दुखद दिन है। क्रिकेट के लिए उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। एसोसिएशन की ओर से मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# पांच गेंदबाजों को खेलाने से हमेशा भारत को विदेश में सीरीज जीतने में मदद मिली : अरुण

दुबई, 7 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने रविवार को कहा कि मुख्य कोच रवि शास्त्री और कप्तान विराट कोहली के सभी परिस्थितियों में पांच गेंदबाजों को खेलाने के फैसले से भारत को ऑस्ट्रेलिया सहित विदेश में कई सीरीज जीतने में मदद मिली है। भरत ने कहा, टीम प्रबंधन और कप्तान ने हर बार हमेशा पांच गेंदबाजों के साथ खेलने का साहसिक कदम उठाया। मुझे लगता है कि यह सबसे सकारात्मक कदम था और इससे हमें विदेश में तीन प्रमुख श्रृंखलाएं जीतने में मदद मिली, जिसमें से दो लगातार ऑस्ट्रेलिया में थीं।

गेंदबाजी कोच ने रविवार को यहां कल नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, हम एक ऐसी श्रृंखला जीतने के बहुत करीब आ गए हैं जो सिर्फ एक टेस्ट मैच के लिए अधर में लटकी हुई है, इसलिए मुझे लगता है कि यह सभी का एक संयुक्त प्रयास है जिसे हमने सच में बल बनाया है। मेर हिसाब से यह जारी है और रहेगा। रवि और विराट एक संतुलित टीम बनाना चाहते हैं, जिसमें स्पिनर और तेज गेंदबाज हों, जो सभी परिस्थितियों में जीत सके और ऐसा होने के लिए हम अनुशासन के प्रति प्रेरित करने पर जोर दे रहे हैं, ताकि खिलाड़ी हर समय तरोताजा रहें।



उन्होंने कहा, दरअसल इस तरह की गेंदबाजी इकाई बनाने में हमें थोड़ा समय लगा, लेकिन हमें एक ऐसा कार्यभार सुनिश्चित करना था जो तेज गेंदबाजों को किसी भी समय फिट रख सके, ताकि हम उन्हें रोटेट भी कर सकें।

अरुण ने अपने करियर के अंत में जसप्रीत बुमराह को छोड़कर तेज गेंदबाजों के साथ तेज गेंदबाजी इकाई के परिवर्तन के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा, भारत में बहुत तेज गेंदबाजी प्रतिभा है, जिसमें मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाडी शामिल हैं और सिराज तथा प्रसिद्ध जैसे खिलाड़ियों के आने से भारत का तेज गेंदबाजी अटैक काफी बेहतर हो गया है। देश में कई अन्य रोमांचक तेज गेंदबाजी संभावनाएं भी हैं। मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में वे एक ताकत बनेंगे।

गेंदबाजी कोच ने एक सवाल के जवाब में स्वीकार किया कि टीम मौजूदा टी-20 विश्व कप 2021 के अपने पहले मैच में थोडी खराब दिख रही थी, लेकिन दुबई में टॉस एक बडी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, मैं कोई बहाना नहीं दे रहा हूं, लेकिन इस विश्व कप में यह चलन रहा है कि टॉस जीतने वाली टीम को बडा फायदा होता है, खासकर जब आप दुबई में खेल रहे हों। जब आप दूसरी पारी में गेंदबाजी करते हैं तो विकेट आसान हो जाता है। यह कोई बहाना नहीं है, हमें बेहतर करना चाहिए था। पहले मैच में हमारे पास अपने स्कोर को डिफेंड करने का मौका था, लेकिन हमने इसे थोडा कम स्कोर आंका।

अरुण ने गेंदबाजी कोच के रूप में अपने कार्यकाल के बारे में कहा, यह उनके लिए एक शानदार और उत्कृष्ट यात्रा रही है। उतार-चढ़ाव आए हैं, लेकिन उन्होंने जारी रखा। टीम उस समय की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है जब उन्होंने शुरुआत की थी। इसको लेकर बहुत खुश हूं कि हमारे पास इस तरह की गेंदबाजी है। हमने एक टीम के रूप में विदेश में सफलता हासिल करने के लिए कडी मेहनत की और हम इसे हासिल करने के लिए आगे बढ़े।

## ग्रुप में शीर्ष पर रहते सेमीफाइनल में पहुंची इंग्लैंड की टीम : मोर्गन

शारजाह, 7 नवम्बर। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप मैच में दक्षिण अफ्रीका से मिली 10 रन की हार के बाद कहा कि उन्हें इस बात की गहरी ख़ुशी है कि उनकी टीम अपना आखिरी विश्व कप मैच गंवाने के बावजूद ग्रुप एक में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंची। फिंच ने कहा, यह बहुत अच्छा विकेट था, साउथ अफ्रीका ने अच्छी बल्लेबाजी की। हमने हाल में अच्छी गेंदबाजी की है, लेकिन हमें लगा कि ओस आएगी और हमारे लिए आसान हो जाएगा। मोईन और लिविंगस्टन ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन हम मैच नहीं जीत पाए। कप्तान ने कहा,सेमीफाइनल में पहुंचना चुनौती थी, हमने बडे मुश्किल मैच खेले हैं, श्रीलंका के खिलाफ मुश्किल था, कल का मैच मुश्किल रहा। टूर्नामेंट और उससे पहले कई खिलाडियों को चोट लगी है। हमने ऐसा ग्रुप बनाया है कि सभी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मैं खुश हूं कि हम ग्रुप 1 से शीर्ष के तौर पर सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

